दिनांक 27ण्03ण्2024 समय: 2ण्10 च्ड

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

नामांकन अंतिम दिन

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन हैं। आज दोपहर तीन बजे तक ही नामांकन पत्र जमा होंगे. कल तक प्रदेश में कुल 49 उम्मीदवारों द्वारा 64 नाम निर्देशन पत्र भरे जा चुके हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि कल 33 अभ्यर्थियों ने 43 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये हैं। पहले चरण के लिये नाम निर्देशन पत्र आज अपरान्ह 3 बजे तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच कल 28 मार्च को की जाएगी। प्रत्याशी शनिवार तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। पहले चरण के लिए छह सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। मतगणना 4 जून को होगी।

चुनाव पर्यवेक्षक

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा 16 प्रेक्षक नियुक्ति किए गए हैं। सभी प्रेक्षक संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में पहुंच गए हैं। इन प्रेक्षकों में 6 सामान्य प्रेक्षकए 3 पुलिस प्रेक्षक और 7 व्यय प्रेक्षक शामिल हैं।

भोजशाला सर्वे

धार में भोजशाला का हाईकोर्ट के निर्देश पर ए.एस.आई टीम द्वारा लगातार सर्वे कार्य किया जा रहा है।आज छठे दिन भीं सर्वे कार्य किया जा रहा है। आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया के अपर महानिदेशक प्रो. आलोक त्रिपाठी के नेतृत्व में सर्वे दल 50 मीटर तक के दायरे में सर्वे कार्य किया जा रहा है।

ट्रेन निरस्त

पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मण्डल में बीना स्टेशन प्लेटफार्म संख्या तीन पर वाशेबल एप्रिन निर्माण कार्य के चलते कुछ गाडियों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। ये गाड़ियाँ 4 अप्रैल से लेकर 14 मई तक अलग अलग तिथियों में निरस्त रहेंगी. निरस्त होने वाली गाड़ियों में गोरखपुर-ओखा एक्सप्रेसए सूरत-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेसए भगत की कोठी-तिरुच्चिरापल्ली हमसफर एक्सप्रेसए पुणे-लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस और लोकमान्य तिलक टर्मिनस-सुल्तानपुर एक्सप्रेस शामिल हैं ।

महाकाल रंग पंचमी

उज्जैन स्थित भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में रंगपंचमी पर बाहर से रंग लाने की अनुमति नहीं होगी। जिला प्रशासन ने रंगपंचमी पर मंदिर के गर्भगृह में रंग और गुलाल ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह फैसला होली पर गर्भगृह में आग लगने की घटना के बाद लिया गया है। महाकालेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति ने रंगपंचमी पर पलाश के फूलों से बने हर्बल रंग की व्यवस्था करने का निर्णय किया है। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि महाकाल मंदिर में सुरक्षा उपायों को और मजबूत बनाने और बेहतर प्रबंधन के लिए कार्य योजना तैयार की जा रही हैए ताकि भविष्य में इस प्रकार की अग्नि दुर्घटना दोबारा न हो।

मौसम

प्रदेश में मौसम साफ होने के बाद सूरज के तेवर तीखे हो रहे हैं और तापमान भी बढ़ रहा है। हालांकिए तीन दिन बाद मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग की मानें तो 30 मार्च से प्रदेश में कहीं-कहीं बादल छाने के साथ हल्की वर्षा होने की भी संभावना है। भोपाल मौसम विज्ञान केन्द्र से मिली जानकारी के अनुसारए कल प्रदेश में सबसे अधिक 40 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस दिन का तापमान दमोह में दर्ज किया गयाए जो सामान्य से चार डिग्री अधिक रहा। प्रदेश में रात का सबसे अधिक तापमान 22 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस भोपाल में दर्ज किया गयाए जो सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। हमारे बड़वानी संवाददाता ने बताया कि इस सीजन में पहली बार जिले में तापमान 40 डिग्री के उपर पहुंच गया है। इसके कारण दिन में गर्म हवा का दौर भी शुरू हो चुका है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में....

1ण आगरमालवा कृषि उपज मंडी कल 28 मार्च से 5 दिनों तक बंद रहेगी। इन दिनों में उपज की नीलामी नहीं होगी।

2ण टीकमगढ जिले में चुनाव के दौरान किसानों को मण्डी और उपार्जन केन्द्रों तक आने-जाने में सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं.

3ण नर्मदापुरम जनपद पंचायत में लोकतंत्र की होली मिलन समारोह में सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने मतदान जागरूकता के साथ होली मनाई और एक दूसरे को बधाई दी।

4ण गुना में आज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नोडल अधिकारियों को लोकसभा चुनाव संबंधी प्रशिक्षण दिया जा रहा हैण

5ण आज भाई-दूज का पर्व परंपरागत हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। वैसे भाई दूज का पर होली के दूसरे रोज मनाया जाता है लेकिन इस बार ज्योतिषाचार्य के मुताबिक आज यह पर्व मनाया जा रहा है।

6. भोपाल स्थित फाइव स्टार होटल जहाँनुमा पैलेस के चेयरमैन नादिर राशिद की आज मृत्यु हो गयी. बताया जा रहा है कि उन्होंने स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या की है.